# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-14.05.2025**

**विषयः- थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा चोरी के मामलें वांछित शातिर अभियुक्त राकेश कुमार पटेल उर्फ भुंवर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का आभूषण व नगदी बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 112/25 धारा 331(4)/305 ए बीएनएस थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पटेल उर्फ भुंवर पुत्र मंगल प्रसाद निवासी ग्राम हाशिमपुर, रमदत्तपुर थाना लालपुर-पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक-13.05.2025 को समय करीब 22.35 बजे बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन प्लेटफार्म नं0 08 के बाहर पाकड़ के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक जोड़ा पीली धातु के कान के टप्स 3.63 ग्राम व व जामा तलाशी से 390/- रूपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 04.05.25 को वादिनी मुकदमा द्वारा दिनांक ¾ .05.2025 की रात्रि में घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अन्दर से जेवरात व नगदी अज्ञात द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया। जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह में मु0अ0स0-112/25 धारा-331(4)/305(A) बीएनएस पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री राज दर्पण तिवारी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 3/4.05.2025 की रात्रि में मैने अपने मित्रों के साथ नाथुपुर में स्थित बन्द मकान में ताला तोड़कर घर के अन्दर से चोरी किया था जिसमें चांदी व सोने के आभूषण व कुछ कैश भी चुरा लिया था हम लोग शहर में जगह-जगह मोटरसाइकिल से घूमते हैं तथा जिस मकान का ताला बन्द होता है उसे निशाना कर लेते है और जब रात का समय होता है तब एकांत देखकर घर का ताला तोड़कर अन्दर चले जाते है तथा घर में रखा सोना-चांदी व अन्य आभूषण तथा कैश की चोरी कर लेते है,चोरी किये सामान को राह चलते व्यक्तियों को औने-पौने दाम में बेचकर पैसे को आपस में बाट लेते है तथा हम सभी अपना खर्चा व शौक पूरा करते है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

राकेश कुमार पटेल उर्फ भुंवर पुत्र मंगल प्रसाद निवासी ग्राम हाशिमपुर, रमदत्तपुर थाना लालपुर-पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

एक जोड़ा पीली धातु के कान के टप्स 3.63 ग्राम (अनुमानित कीमत लगभग 50,000 रुपये) व जामा तलाशी से 390/- रूपये नगद बरामद।

**<u>गिरफ्तार का दिनांक, समय व स्थान –</u>**

दिनांक-13.02.2025 को समय करीब 22.35 बजे बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन प्लेटफार्म नं0 08 के बाहर पाकड़ के पेड़ के पास से।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1.मु0अ0सं0 112/2025 धारा 331(4),305 (ए), 317(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह वाराणसी
2.मु0अ0सं0 183/15 धारा 41/411 आईपीसी थाना कैंट वाराणसी
3.मु0अ0सं0 184/15 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना कैंट वाराणसी
4.मु0अ0सं0 186/15 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना कैंट वाराणसी
5.मु0अ0सं0 533/16 धारा 147/148/302/325 आईपीसी थाना कैंट वाराणसी
6.मु0अ0सं0 144/21 धारा 323/504/506 आईपीसी थाना लालपुर-पाण्डेयपुर वाराणसी
7.मु0अ0सं0 390/24 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना थाना लालपुर-पाण्डेयपुर वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
2.उ0नि0 राजदर्पण तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
3.उ0नि0 सुरेन्द्र यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
4.का0 प्रेमचन्द थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 जावेद अख्तर थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**

